कामये दुःखतप्तानाम्।
प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्॥

सत्यमेव जयते

**Khadi and Village Industries Commission**
**Ministry of Micro, Small, & Medium Enterprises**
**Government of India**
"Gramodaya' 3 Irla Road, Vile Parle (West),
Mumbai-400 056

# संविदा आधार पर युवा पेशेवरों की नियुक्ति

**विज्ञापन संख्या एडीएम/आरडब्ल्यू/एंगेजमेंट वाईपी/(105)/2021-22**

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित एक सांविधिक निकाय है और यह सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करता है। भविष्य के विकास और परिवर्तन की चुनौतियों में तेजी लाने के लिए, केवीआईसी 'युवा पेशेवरों' (यंग प्रोफेशनल्स) के रूप में काम करने के इच्छुक अभ्यर्थियों से निम्नलिखित विवरणों के आधार पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता हैः

1. पद का नाम एवं पात्रता मापदंडः

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पदनाम | युवा पेशेवर (यंग प्रोफेशनल्स) |
| 2 | पदों की संख्या | हिन्दी - 4<br>पदों की संख्या भिन्न हो सकती है और अस्थायी हैं। |
| 3 | पद हेतु आवश्यक योग्यता | युवा पेशेवर-हिन्दीः हिंदी में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से मास्टर डिग्री जिसमें अनिवार्य अथवा वैकल्पिक विषय के रूप में डिग्री स्तर पर अंग्रेजी विषय लिया हो या परीक्षा का माध्यम अंग्रेजी रहा हो;<br>अथवा<br>अंग्रेजी में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से मास्टर डिग्री जिसमें अनिवार्य अथवा वैकल्पिक विषय के रूप में डिग्री स्तर पर हिन्दी विषय लिया हो या परीक्षा का माध्यम हिन्दी रहा हो। |
| | | युवा पेशेवर-हिन्दी के पद हेतु अनुवाद पर एक पृथक कौशल परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। |
| 4 | मानदेय प्रति माह | शैक्षणिक योग्यता, अनुभव तथा साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर प्रति माह रु.25000/- से रु.30,000/- का मानदेय एवं रु.2500/- से रु.3000/- प्रति माह का परिवहन भत्ता। |
| 5 | नियुक्ति की प्रकृति | अभ्यर्थी को अनुबंध के आधार पर प्रारंभिक रूप में केवल एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा, जिसे प्रदर्शन के आधार पर अधिकतम 3 वर्षों के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है। |
| 6 | उच्चतम आयु सीमा | दिनांक 16.08.2021 अर्थात् आवेदन की अंतिम तिथि पर अभ्यर्थी की आयु 27 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। |
| 7 | भर्ती की प्रक्रिया | खुले बाजार से अनुबंध के आधार पर। |
| 8 | आवश्यक कौशल | • एमएस ऑफिस/वर्ड, एक्सेल तथा पावर-पॉइन्ट की अच्छी |

| | | |
|---|---|---|
| | | जानकारी।<br>• अच्छा संचार और लेखन कौशल।<br>• कार्य के प्रति सत्यनिष्ठता एवं प्रतिबद्धता। |
| 9 | चयन प्रक्रिया | योग्यता और अनुभव के आधार पर उम्मीदवारों को सूचीबद्ध (शॉर्टलिस्ट) किया जाएगा और साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार में योग्यता, अनुभव और प्रदर्शन के आधार पर अभ्यर्थी को अनुबंध के आधार पर विशिष्ट नियुक्ति की पेशकश की जाएगी। कृपया ध्यान दें कि उक्त साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कोई टीए/डीए प्रदान नहीं किया जाएगा।<br>चयन समिति के समक्ष माह सितंबर-अक्टूबर 2021 के दौरान अभ्यर्थी को अनुवाद हेतु (अंग्रेजी से हिन्दी एवं विलोमतः, जिसमें उन्हें हिन्दी एवं अंग्रेजी के दो-दो पैराग्राफ अनुवाद हेतु दिए जाएंगे। अनुवाद के लिए उन्हें डेढ़ घंटे का समय दिया जाएगा।) एक लिखित जांच परीक्षा के लिए उपस्थित होना होगा, जिसके उपरान्त एक व्यक्तिगत साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। |
| 10 | कार्य का विवरण | कार्यालयीन/आधिकारिक दस्तावेजों का अंग्रेजी से हिन्दी तथा हिन्दी से अंग्रेजी अनुवाद करना।<br>भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में सहायक निदेशक (राजभाषा) की सहायता करना।<br>हिन्दी अनुभाग की फाइलों, अभिलेखों का रखरखाव और सक्षम प्राधिकारी द्वारा सौंपे गए अन्य कर्तव्य। |
| 11 | नियुक्ति का स्थान | युवा पेशेवर (हिन्दी): केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई |

**नोटः**

1. केवल पूर्णकालिक नियमित पाठक्रमों पर विचार किया जाएगा और सभी योग्यताएं यूजीसी से मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/यूजीसी से मान्यता प्राप्त भारतीय समतुल्य विश्वविद्यालयों अथवा एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित पाठक्रमों से होनी चाहिए।
2. जहां कहीं भी क्यूमुलेटिव ग्रेड प्वाइंट एवरेज (सीजीपीए)/ओवरऑल ग्रेड प्वाइंट एवरेज (ओजीपीए) अथवा डिग्री में लेटर-ग्रेड प्रदान किया जाता है, ऐसे विश्वविद्यालय/संस्थानों द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन पत्र में अंकों के समकक्ष प्रतिशत का संकेत दिया जाना चाहिए। अभ्यर्थियों को, यदि उन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें दस्तावेजों के सत्यापन के समय संस्थान से इस आशय का साक्ष्य/प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
3. इंटर्नशिप प्रशिक्षण को कार्य-अनुभव के रूप में नहीं माना जाएगा। किसी संगठन में निश्चित अवधि के आधार पर रोजगार सहित केवल प्रत्यक्ष कार्य-अनुभव पर ही विचार किया जाएगा।
4. युवा पेशेवरों की सेवाओं के लिए अनुबंध की सामान्य शर्तों को उनके व्यक्तिगत अनुबंध में उल्लिखित किया जाएगा। युवा पेशेवर का अभिप्राय है 'व्यक्तिगत सलाहकार', जो उनकी योग्यता और अनुभव के आधार पर, कंसल्टेंसी जैसी समान गतिविधियों के लिए भर्ती किए जाते हैं, और इस हेतु एक पूर्ण टीम को आवश्यक नहीं माना जाता है। वे एक स्वतंत्र विशेषज्ञ हो सकते हैं जो किसी विशेष फर्म से स्थायी रूप से जुड़े नहीं हैं, अथवा वे व्यक्तिगत आधार पर भर्ती किए गए किसी फर्म के कर्मचारी हो सकते हैं।

युवा पेशेवरों का चयन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से तथा परामर्श और अन्य सेवाओं की खरीद के लिए नियमावली 2017 के नियम 177 से 196 और अध्याय 7 - व्यक्तिगत सलाहकार/सेवा प्रदाता का चयन (पैरा 7.1 और 7.2) अध्याय - 6 (पैरा 6.5) के तहत जीएफआर 2017 में निहित प्रावधानों के अनुसार समाचार पत्रों में विज्ञापन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित करके किया जाएगा।

2. <u>अनुबंधात्मक नियम व शर्तें:</u>

1. प्रारंभिक रूप में अनुबंध एक वर्ष के लिए होगा। आगे जारी रखने/विस्तार के लिए नए अनुबंध पर हस्ताक्षर करने होंगे। आगे निरंतरता/विस्तार पर विचार करते समय, कार्य के दायरे के आधार पर प्रदर्शन के मूल्यांकन को अनिवार्य रूप से ध्यान में रखा जाएगा और एक वर्ष से अधिक की अवधि हेतु आवश्यकता का आकलन किया जाएगा।
2. कानूनी स्थितिः युवा पेशेवरों को किसी भी उद्देश्य के लिए केवीआईसी के 'स्टाफ सदस्य' के रूप में नहीं माना जाएगा। तदनुसार, अनुबंध के भीतर अथवा उससे संबंधित कुछ भी नियोक्ता और कर्मचारी, अथवा प्रिंसिपल और एजेंट के संबंध को केवीआईसी और युवा पेशेवरों के बीच स्थापित नहीं करेगा। युवा पेशेवर एकमुश्त निश्चित मानदेय को छोड़कर केवीआईसी के साथ किसी भी लाभ/मुआवजे/संविलियन/सेवा के नियमितीकरण के हकदार नहीं होंगे।
3. निश्चित मानदेयः युवा पेशेवरों की कोई भी नियुक्ति एक निश्चित समय अवधि के लिए निश्चित पारिश्रमिक/मानदेय के आधार पर होगी। सौंपे गए कार्य में शामिल होने अथवा उसके पूरा किए जाने अथवा साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कोई टीए/डीए अनुमन्य नहीं होगा।
4. अन्य भत्तेः युवा पेशेवरों को दौरे/प्रवास के अलावा कोई भी अन्य सुविधाएं जैसे महंगाई भत्ता/आवास/चिकित्सा प्रतिपूर्ति आदि अनुमन्य नहीं होगी। उन्हें सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन घरेलू दौरे/प्रवास करने की आवश्यकता हो सकती है और जिसके लिए उन्हें उनके पदस्थापना के स्थान पर वेतन मैट्रिक्स लेवल-5 में 'कार्यकारी' पदों के पद पर लागू होने वाले टीए/डीए की अनुमति दी जाएगी।
5. उपस्थिति एवं कार्य-समयः सभी युवा पेशेवरों का कार्य-समय केवीआईसी में कार्य करने वाले नियमित कर्मचारियों के समान ही होंगे। कार्य-समय के बाद अथवा छुट्टियों के दिन कार्य करने के लिए उन्हें किसी भी प्रकार के अतिरि पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया जाएगा।
6. अवकाशः वे नियोजन के एक वर्ष के भीतर 8 दिनों के अवकाश के पात्र होंगे। एक वर्ष के कार्यकाल में अप्रयु अवकाश को अगले 1 वर्ष के कार्यकाल के लिए अग्रेषित नहीं किया जा सकता है। बीच में पड़ने वाले शनिवार/रविवार अथवा छुट्टी के दौरान सरकारी अवकाश की गणना अवकाश के उक्त आठ दिनों में नहीं की जाएगी।
7. गोपनीयता एवं सत्यनिष्ठताः युवा पेशेवर कार्य नियोजन/नियुक्तक्ति की अवधि के दौरान उनके द्वारा एकत्रित की गई किसी भी जानकारी को किसी ऐसे व्यक्ति को नहीं बताएंगे, जो इसे जानने के लिए अधिकृत नहीं है, जिसमें केवीआईसी के पूर्व अनुमोदन के बिना किसी पुस्तक अथवा लेखों का संकलन प्रकाशित करना शामिल है। चयनित युवा पेशेवर अपने परिचित 2 संदर्भों से सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे, साथ ही इस आशय का एक वचनपत्र भी देंगे कि उनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है अथवा उनके खिलाफ किसी भी न्यायालय में आपराधिक मामला लंबित अथवा विचाराधीन नहीं है।
8. बीमाः युवा पेशेवर अनुबंध के तहत अपने किसी भी दायित्व को पूरा करने के लिए आवश्यक पर्याप्त बीमा लेने के लिए और साथ ही उनके स्वय के खर्च पर ऐसे जीवन, स्वास्थ्य और बीमा के अन्य रूपों की

व्यवस्था करने के लिए पूरी तरह जिम्मेदार होगा, जो कि युवा पेशेवर की उस अवधि को बीमाकृत करने के लिए उपयु हो सकता है, जिसके दौरान युवा पेशेवर अनुबंध के तहत सेवाएं प्रदान करता है।

9. स्रोत पर कर की कटौतीः प्रचलित नियमों के अनुसार कटौती के लिए देय आयकर अथवा कोई अन्य राज्य कर, भुगतान जारी करने से पहले स्रोत से कटौती की जाएगी।

10. हित-संघर्षः युवा पेशेवरों से केवीआईसी और भारत सरकार के ऐसे सभी लागू नियमों और विनियमों का पालन करने की अपेक्षा की जाएगी। उनसे उनके कर्तव्यों का निर्वहन करने के दौरान अत्यंत ईमानदारी, कार्यालय की गोपनीयता और सत्यनिष्ठा का प्रदर्शन करने की अपेक्षा की जाएगी, और यदि उनकी सेवाएं संतोषजनक नहीं पाई जाती हैं अथवा केवीआईसी के हितों के विपरीत पाई जाती हैं, तो बिना कोई कारण बताए केवीआईसी से उनकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी।

11. अनुबंध की समाप्तिः केवीआईसी एक महीने का नोटिस देकर बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय अनुबंध को समाप्त कर सकता है। युवा पेशेवर केवीआईसी को दो महीने का अग्रिम नोटिस देकर अनुबंध को समाप्त करने की मांग भी कर सकते हैं।

**3. <u>चयन प्रक्रिया:</u>** आवेदन करने के पूर्व अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को वे पात्रता मापदंड पूर्ण करते हों। चयन समिति के समक्ष माह सितंबर-अक्टूबर 2021 के दौरान अभ्यर्थी को अनुवाद हेतु (अंग्रेजी से हिन्दी एवं विलोमतः, जिसमें उन्हें हिन्दी एवं अंग्रेजी के दो-दो पैराग्राफ अनुवाद हेतु दिए जाएंगे। अनुवाद के लिए उन्हें डेढ़ घंटे का समय दिया जाएगा।) एक लिखित जांच परीक्षा के लिए उपस्थित होना होगा, जिसके उपरान्त एक व्यक्तिगत साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। अभ्यर्थी का चयन साक्षात्कार/भर्ती के दौरान उनके द्वारा प्रस्तुत विवरणों/दस्तावेजों के सत्यापन की शर्त के आधार पर होगा।

**4. <u>आवेदन पत्र को भरने हेतु सामान्य निर्देशः</u>**

क. विज्ञापन में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यता तथा पात्रता मापदंडों के अनुसार, अभ्यर्थी केवल ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन प्रस्तुत करेंगे।

ख. अभ्यर्थी को आवेदन के प्रासंगिक कॉलम में विशेष रूप से प्राप्त अंकों के प्रतिशत (निकटतम दो दशमलव तक गणना करते हुए) का संकेत देना चाहिए। जहां विश्वविद्यालय द्वारा अंकों का प्रतिशत प्रदान नहीं किया जाता है, लेकिन केवल सीजीपीए/ओजीपीए प्रदान किया जाता है, इसे इस संबंध में विश्वविद्यालय के रूपांतरण मानदंडों के अनुसार प्रतिशत में परिवर्तित किया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाए जाने पर, उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय के रूपांतरण फार्मूले के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए प्रमाण पत्र/दस्तावेज का साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा।

ग. साक्षात्कार में भाग लेने के दौरान अभ्यर्थियों को मूल रूप में अपनी फोटो पहचान प्रमाण प्रस्तुत करना होगा और उक्त फोटो पहचान प्रमाण की फोटोकॉपी जमा करनी होगी, जिसके बिना उन्हें साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि जो नाम आवेदन में दिखाई दे रहा है (पंजीकरण की प्रक्रिया के दौरान प्रदान किया गया) फोटो पहचान प्रमाण पर दिखाई देने वाले नाम से बिल्कुल मेल खाना चाहिए। जिन महिला अभ्यर्थियों ने शादी के बाद अपना पहला/अंतिम/मध्य नाम बदल लिया है, उन्हें इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए। यदि ऑनलाइन आवेदन में इंगित नाम और फोटो पहचान प्रमाण के नाम के बीच कोई मेल नहीं है; तो अभ्यर्थी को परीक्षा/साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

घ. ऑनलाइन आवेदन भरना शुरू करने से पहले, निम्नलिखित विवरण/दस्तावेजों/सूचनाओं को अपने पास तैयार रखें:

i) ईमेल आईडी (जो पूरी भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने के दौरान वैध हो)
ii) मोबाइल नंबर (जो पूरी भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने के दौरान वैध हो)
iii) व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक योग्यता विवरण
iv) हाल ही में लिए गए फोटोग्राफ की स्कैन की गई प्रति (जो तीन हफ्ते से अधिक पुरानी नहीं हो, और यह jpg/jpeg फॉरमैट में 50 केबी से 100 केबी के बीच के आकार की होनी चाहिए।
v) काले रंग की पेन से हस्ताक्षर की स्कैन की गई प्रति (jpg/jpeg फॉरमैट में 10 केबी से 50 केबी के बीच के आकार की होनी चाहिए)
vi) ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के संबंध में अपने अनुभव के बारे में लेख (200 शब्द) में लिखा हुआ।
vii) निम्नलिखित सभी दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रतियां (jpg/jpeg/pdf फॉरमैट में):
   - जन्मतिथि का दस्तावेजी साक्ष्य (मैट्रिकुलेशन/एसएससी/10वीं कक्षा का प्रमाणपत्र) जिसका आकार 50 केबी से 1000 केबी के बीच होना चाहिए।
   - अंतिम/प्रावधिक स्नात्कोत्तर डिग्री/प्रमाणपत्र की प्रति, जो भी मान्य हो (जिसका आकार 50 केबी से 1000 केबी के बीच होना चाहिए)।

5. <u>आवेदन कैसे करें</u> :-

पात्रता की शर्तें पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को केवीआईसी की ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली अर्थात www.kvic.org.in के माध्यम से आवेदन करना होगा। किसी अन्य माध्यम से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन संबंधी कोई भी दस्तावेज डाक/कूरियर/ईमेल/हाथ से केवीआईसी को भेजना आवश्यक नहीं है।

5.1 <u>आवेदन करने के चरण:-</u>

**चरण - I (साईन-अप):**

**क)** अभ्यर्थी केवीआईसी की वेबसाइट www.kvic.org.in पर जा कर और आयोग की वेबसाईट पर "रिक्तियां" टैब के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**ख)** साइन-अप करते समय, आवेदक को सबसे पहले अपने वैध मोबाईल नंबर से साइन-अप करना आवश्यक है।

**ग)** वन-टाइम पासवर्ड और लॉग-इन का विवरण पंजीकृत मोबाईल नंबर पर भेजे जाएंगे, अतः अभ्यर्थियों को यह सुझाव दिया जाता है कि वे आगे की प्रक्रिया शुरू करने से पूर्व अपने मोबाईल नंबर का ठीक से सत्यापन कर लें।

**चरण - II:**

*क)* अभ्यर्थी अब www.kvic.org.in के ऑनलाइन अप्लिकेशन वेबसाइट पर पुनः विजिट कर ऑनलाइन आवेदन करें।

*ख)* अभ्यर्थी अब पासवर्ड से लॉग-इन करें और ऑनलाइन फॉर्म में अपने बारे में मांगी गई सभी जानकारी ठीक से भरें और पंजीकरण कार्य पूरा करें।

*ग)* चरण-द्वितीय के विवरण प्रस्तुत करने से पूर्व, अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व, अपने सभी विवरण की जांच और उसमें आवश्यक सुधार (यदि कोई हो) करना चाहिए। **सुधार करते समय, अभ्यर्थियों को मोबाईल नंबर बदलने की अनुमति नहीं है।**

घ) ऑनलाइन आवेदन सफलतापूर्वक प्रस्तुत करने के बाद, अभ्यर्थियों को यह सुझाव दिया जाता है कि वे एक ही के लिए पुन: पंजीकरण करने का प्रयास न करें। एक ही पद के लिए एकाधिक पंजीकरण के मामले में, बिना किसी सूचना/जानकारी के अभ्यर्थी का आवेदन रद्द/अस्वीकार किया जा सकता है। अभ्यर्थी को सिस्टम द्वारा उत्पन्न ऑनलाइन फॉर्म को यूनिक पंजीकरण संख्या सहित डाउनलोड करना आवश्यक है और इसे भविष्य के संदर्भ हेतु रखा जा सकता है।

**फोटो, हस्ताक्षर (यदि लागू हो) और अन्य संबंधित प्रमाणपत्र अपलोड करने के अनुदेश :-**

आवेदक को नीचे दी गई प्रक्रिया के अनुसार अपनी फोटो, हस्ताक्षर और अन्य संबंधित प्रमाणपत्रों की स्कैन (डिजिटल) इमेज अपलोड करना चाहिए : -

**i) फोटोग्राफ :-**

क) फोटोग्राफ - हाल ही में पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ होना चाहिए (03 सप्ताह से अधिक पुराना नहीं)।

ख) यह सुनिश्चित करें कि व्हाइट बैकग्राउंड से लिया गया हल्के रंग का रंगीन फोटोग्राफ हो। आरामदेह मुद्रा में (शांत चेहरे) कैमरे की ओर सीधे देंखे। यदि तस्वीर धूप में ली गई है, तो सूर्य को अपने पीछे रखें या अपने आप को छाया में रखें, ताकि आपकी आंखे झुके नहीं और अत्यधिक छाया भी न हो। यदि आपको फ्लैश का उपयोग करना है, तो यह सुनिश्चित करें कि "रेड-आई" न हो। यदि आप चश्मा पहनते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई प्रतिबिंब न हो और आपकी आंखें स्पष्टतः देखी जा सके। टोप, टोपी और काला चश्मा स्वीकार्य नहीं है। धार्मिक हेडवियर की अनुमति है, लेकिन उससे आपाक चेहरा ढंका नहीं होना चाहिए।

ग) इमेज का आकार/आयाम लगभग 200X230 पिक्सेल होना चाहिए। बड़े इमेज को समायोजित करना संभव नहीं होगा। फ़ाइल का आकार केवल jpg/jpeg प्रारूप में 50केबी-100केबी होना चाहिए। कृपया यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किये गए इमेज का आकार 100केबी से अधिक न हो।

घ) यदि फ़ाइल का आकार बहुत बड़ा है, तो स्कैनिंग प्रक्रिया के दौरान स्कैनर की सेटिंग्स जैसे-डीपीआई रिज़ॉल्यूशन, रंगों की संख्या आदि को समायोजित करें। न्यूनतम रिज़ॉल्यूशन 200 डीपीआई होना चाहिए।

**ii) हस्ताक्षर:-**

क) आवेदक को सफ़ेद कागज पर **काली स्याही वाले कलम** से हस्ताक्षर करने होंगे।

ख) हस्ताक्षर केवल आवेदक का होना चाहिए, किसी अन्य व्यक्ति का नहीं। यदि किसी भी स्तर पर हस्ताक्षर का अभ्यर्थी के वास्तविक हस्ताक्षर से मिलान नहीं होने पर आवेदक की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है।

ग) कृपया केवल हस्ताक्षर एरिया का स्कैन करें, पूरे पृष्ठ का नहीं।

घ) इमेज का आयाम लगभग 140X60 पिक्सेल होना चाहिए। बड़ी इमेज को समायोजित करना संभव नहीं होगा। फ़ाइल का आकार केवल jpg/jpeg प्रारूप में 50केबी– 100केबी में होना चाहिए। यह सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई इमेज का आकार 100केबी से अधिक न हो।

**iii) पोस्ट ग्रेजुएशन/मास्टर डिग्री प्रमाणपत्र:-**

क) कृपया स्कैन किये गये संबंधित प्रमाणपत्र (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी) स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए।

ख) फ़ाइल का आकार केवल 50केबी–1000केबी jpg/jpeg/pdf प्रारूप में होना चाहिए। यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किये गये इमेज का आकार 1000केबी से अधिक न हो।

ग) अभ्यर्थी को निम्नलिखित पैराग्राफ में दिए गए निर्देशों के अनुसार अपना फोटो, हस्ताक्षर और प्रमाणपत्र अपलोड करना चाहिए :-

**iv) फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, शैक्षणिक और अन्य संबंधित प्रमाणपत्र अपलोड करना:-**

क) फोटोग्राफ, हस्ताक्षर और प्रमाणपत्र अपलोड करने के लिए अलग-अलग टैब हैं।

ख) ब्राउज़ करें और उस स्थान का चयन करें, जहां स्कैन किये गए फोटो/हस्ताक्षर/प्रमाणपत्र की फाईल सुरक्षित (सेव) है। उस पर क्लिक कर फ़ाइल का चयन करें।

ग) 'ओपन/अपलोड' बटन पर क्लिक करें। फोटोग्राफ/हस्ताक्षर/प्रमाणपत्र फाइल अपलोड हो जाएगी। यदि फ़ाइल का आकार और प्रारूप निर्धारण के अनुसार नहीं है, तो एक त्रुटि संदेश प्रदर्शित होगा। ऐसे मामले में, फ़ाइल का आकार और प्रारूप आवश्यकतानुसार बदलें और पुनः अपलोड करें।

6. <u>महत्वपूर्ण अनुदेश</u> :-

- अमान्य/गलत ईमेल आईडी आदि के कारण भेजे गए ईमेल के किसी भी नुकसान हेतु केवीआईसी जिम्मेदार नहीं होगा।
- पत्राचार केवल ईमेल के माध्यम से किया जाएगा। आयोग की वेबसाइट www.kvic.org.in के माध्यम से समय-समय सभी अनुदेश पर दिए जाएंगे।
- अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में उपस्थित होने के समय मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, आधार कार्ड इत्यादि जैसे-मूल फोटो आईडी से किसी एक को ले आना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रिंटेड प्रति और फोटो आईडी (उपरोक्त उल्लिखित) दोनों को ले जाना चाहिए। इनमें से कोई भी उपलब्ध नहीं होने पर अभ्यर्थी को साक्षात्कार हेतु अनुमति नहीं दी जाएगी।
- किसी भी रूप में कैनवास करने पर अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
- **कदाचार के विरुद्ध कार्रवाई** :

(i) अभ्यर्थियों को उनके स्वयं के हित में यह सुझाव दिया जाता है कि वे "ऑन-लाइन" आवेदन करते समय कोई भी ऐसे किसी भी दस्तावेज/जानकारी को प्रस्तुत नहीं करना चाहिए, जो गलत, छेड़छाड़ की गई, मनगढ़ंत हो या किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी को छिपाना नहीं चाहिए।

(ii) नियुक्ति के किसी भी स्तर पर या बाद में, यदि कोई अभ्यर्थी किसी व्यक्ति द्वारा प्रतिरूपण या किसी और के नाम से कार्य करने; या गलत व्यवहार करने; या चयन प्रक्रिया के दौरान अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी अनियमित माध्यम का सहारा लेने; या किसी भी तरह से अपनी उम्मीदवारी के लिए अनुचित प्रभाव का प्रयोग करने; या किसी भी स्तर पर झूठे प्रमाणपत्र/दस्तावेज/सूचना प्रस्तुत करने या किसी जानकारी को छिपाने जैसे किसी भी कदाचार का दोषी पाया जाता है या पाया गया है।

  - साक्षात्कार/कार्यभार ग्रहण के समय मूल विवरण/दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। यदि उनका कोई भी दावा गलत पाया जाता है, तो उनकी उम्मीदवारी तुरंत निरस्त की जाएगी।
  - सेवारत सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अधिकारियों का चयन होने पर उन्हें अपने मूल संगठन से उचित रूप से कार्यमुक्त होने के बाद ही कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति दी जाएगी।
  - अभ्यर्थी को केवल एक ही आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए और एक बार प्रस्तुत किए गए आवेदन को बदला नहीं जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए एक वैध ई-मेल आईडी आवश्यक

है। अभ्यर्थियों को भेजे गए किसी भी ई-मेल के बाउंस होने के लिए केवीआईसी उत्तरदायी नहीं होगा।

- इस भर्ती प्रक्रिया से संबंधित सभी जानकारी केवल केवीआईसी वेबसाइट के **'रिक्तियां'** अनुभाग में उपलब्ध कराई जाएगी। आवेदकों को यह सुझाव है कि वे समय-समय पर वेबसाइट देखते रहें।
- अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस भर्ती प्रक्रिया के दौरान एक ही पासपोर्ट साइज के फोटो का उपयोग किया जाए।
- ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
- उपरोक्त विज्ञापन संबंधी कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/इरेटा केवल हमारी आधिकारिक वेबसाइट www.kvic.org.in पर उपलब्ध करवाया जाएगा। अन्य कोई प्रेस विज्ञापन नहीं दिया जाएगा। अतः संभावित आवेदकों को यह सुझाव दिया जाता है कि वे उपरोक्त उद्देश्य के लिए नियमित रूप से केवीआईसी की वेबसाइट देखते रहें।
- केवीआईसी द्वारा किसी पत्राचार या व्यक्तिगत पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा। यदि ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने में अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की समस्या या पूछताछ के मामले में, केवल document.kvic@gov.in पर ईमेल भेज सकते हैं।
- केवीआईसी के पास परिस्थितियों के आधार पर व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने, साक्षात्कार की तारीख और स्थान आदि पुनः निर्धारित करने या किसी भी विज्ञापित शर्त को बदलने का अधिकार सुरक्षित है।
- **आयोग के पास बिना किसी नोटिस/कारण बताए इस चयन प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। उपरोक्त नियुक्ति विशुद्ध रूप से अस्थायी आधार पर है और अभ्यर्थियों को बाद में केवीआईसी या एमएसएमई मंत्रालय से स्थायी नौकरी के लिए दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा।**

7. <u>ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि</u>: पात्र अभ्यर्थी 18 अगस्त, 2021 (23.00 बजे) तक दिए गए लिंक पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन जमा करना है।

*****